# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>थाना – मोठ, जनपद झाँसी</u>

**<u>दिनांक – 06.07.2026</u>**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही।**
- **शीतला माता मंदिर से दानपात्र चोरी की घटना का सफल अनावरण।**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की गई ₹1,910 की धनराशि बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 05.07.2026 को थाना मोठ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर सौजना रोड स्थित संदीप के खेत के समीप बबूल के पेड़ के नीचे बैठे अभियुक्त पप्पू उर्फ काशीप्रसाद पुत्र बनमाली, निवासी ग्राम कुम्हरार, थाना मोठ, जनपद झाँसी, उम्र करीब 53 वर्ष को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई ₹1,910/- की धनराशि बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण</u>-** ज्ञातव्य है कि दिनांक 01.07.2026 की रात्रि में थाना मोठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुम्हरार स्थित शीतला माता मंदिर से अज्ञात चोर द्वारा दानपात्र चोरी कर उसमें रखी धनराशि निकाल ली गई तथा दानपात्र को घटनास्थल के निकट फेंक दिया गया था। उक्त संबंध में वादी राजा बहादुर सिंह पुत्र चन्दन सिंह, निवासी ग्राम कुम्हरार, थाना मोठ, जनपद झाँसी की तहरीर के आधार पर थाना मोठ पर मु0अ0सं0 112/2026, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

- पप्पू उर्फ काशीप्रसाद पुत्र बनमाली, निवासी ग्राम कुम्हरार, थाना मोठ, जनपद झाँसी, उम्र करीब 53 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

- चोरी की गई ₹1,910/- (एक हजार नौ सौ दस रुपये) की धनराशि।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 दिनेश चन्द्र थाना मोठ जिला झाँसी।
2. का0 759 शिवम कुमार थाना मोठ जिला झाँसी।
3. रि0का0 अरुण कुमार थाना मोठ जिला झाँसी।